**मूल हिंदी में**

**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 588**
**06.02.2023 को उत्तर के लिए**

**राष्ट्रीय झील संरक्षण योजना**

**588. श्री महाबली सिंह :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय झील संरक्षण योजना (एनएलसीपी) के अंतर्गत बिहार में चयनित झीलों का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) राष्ट्रीय झील संरक्षण योजना के अंतर्गत बिहार में जारी और खर्च की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है और इसकी प्रगति रिपोर्ट क्या है?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री अश्विनी कुमार चौबे)**

(क) और (ख) बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में मोतीहारी स्थित मोतीझील को वर्ष 2019-20 के दौरान राष्ट्रीय झील संरक्षण योजना (एनएलसीपी) के तहत चुना गया था। केन्द्रीय सरकार ने अनुमोदन प्रदान किया और केन्द्रीय और बिहार राज्य सरकार के बीच लागत साझा करने के आधार पर एनएलसीपी कार्यक्रम के तहत 'मोतीझील के नवीनीकरण, पुनरूद्धार और संरक्षण' के लिए 21.99 करोड़ रुपए की कुल लागत की मंजूरी दी है। अभी तक, विभिन्न गतिविधियों जैसे कि खरपतवार हटाने, गाद हटाने, मल-जल शोधन संयंत्र लगाने, परिधीय नालों, बांधों, रास्तों, नहाने के लिए घाटों में सुधार, पार्कों का विकास, जल आपूर्ति, स्वच्छता संबंधी और वृक्षारोपण कार्यों के लिए 9.89 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

*****